E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सपा का सपना है समाज को बाँटने वाली ताकतों को सत्ता से बाहर करेंगे : अखिलेश यादव



सपना अच्छा है... मगर कई चुनावों से यह सपना, सपना ही है....

तापमान अधिकतम 32.2 न्यूनतम 22.5 | वर्ष-50 | अंक-269 | बृहस्पतिवार 29 सितम्बर, 2022 | आश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, सम्वत् 2079 | पृष्ठ-4

# कोचिंग के लिए निकली छात्रा और सहेली लापता

**➲पिता ने कराया अपहरण का मुकदमा दर्ज, पुलिस के लिए पहेली बना मामला ➲शहर के एक कन्या इंटर कॉलेज में दसवीं की छात्राओं की गुमशुदगी पर रोष**

मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर ( बु. )। पापा मुझे बचा लो, मेरी समझ में नहीं आ रहा मैं कहां पर हूं। मुझे तीन चार लोगों ने किडनैप कर लिया। पता नी में कहां पर हूं। योगी राज में जब बेटियों की सुरक्षा सरकार की सवोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। एक बेटी के इस दर्दनाक ऑडियो मैसेज को सुनकर परिजन दहल उठे, लेकिन अभी तक नहीं लगा रहा है कि पुलिस के कानों पर कोई जूं रेंग रही है। बताया जाता है कि शहर के एक कन्या इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली उक्त छात्रा की एक सहेली भी लापता है। दोनों के अपहरण की आशंका जताई गई है। पुलिस इस पहेली को लेकर बुरी तरह से उलझी हुई है।

अंकिता भंडारी की हत्या को लेकर जहां उत्तराखंड दहला हुआ है, वहीं मुजफ्फरनगर की एक बेटी और उसकी सहेली के अपहरण को लेकर पुलिस उलझी हुई है। बताया गया है कि घर से कोचिंग के लिए निकली छात्रा वंशिका संदिग्ध हालात में लापता हो गई। छात्रा के पिता ने अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया दिया। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांव बीबीपुर निवासी सुधीर ने बताया कि 26 सितंबर को उसकी 14 वर्षीय पुत्री वंशिका के पास उसकी एक सहेली का फोन आया था। इसमें उसने कोचिंग के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम आने को कहा। दिन में करीब तीन बजे उक्त फोन आने के बाद वंशिका घर से कोचिंग जाने के लिए निकली थी। रात आठ बजे तक भी उसकी पुत्री घर वापस नहीं पहुंची, तो उसकी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। उन्होंने उसके फोन पर कॉल करने की कोशिश की तो उसका फोन बंद मिला। उसकी सहेली के फोन पर कॉल की गई तो उसका फोन भी बंद मिला। पीड़ित 27 सितंबर को सुबह करीब साढे 11 बजे जब इस मामले में अपनी पुत्री के अपहरण का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाने जा रहा था तो तभी उसके व्हाटस एप पर एक वायस कॉल रिकॉर्डिंग मैसेज आया। इसमें उसकी पुत्री ने कहा कि उसे तीन चार अज्ञात लोगों ने किडनैप कर लिया है। आप मुझे बचा लो। उसने उक्त वायस मैसेज पुलिस के अधिकारियों को भी सुनाया। बीबीपुर चौकी प्रभारी ने उस फोन नंबर पर बात की जिससे उक्त वायस मैसेज आया था। इस दौरान एक अन्य नंबर से एक महिला का फोन आया और उसने दरोगा से बात की।



## बोले छात्रा के पिताः उनकी बुद्धि फिर गई थी जो उन्होंने वंशिका को भेजा

मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर (बु.)। शहर की एक इंटर कॉलेज की दो छात्राओं के लापता होने के इस मामले में पुलिस खुद उलझी हुई है। वहीं साधारण परिवार से आने वाले छात्रा के पिता भी अपनी गलती पर पछता रहे हैं। वंशिका के पिता का कहना है कि 26 सितंबर को कीर्ती नाम की लडकी का फोन उनके फोन पर आया था। इसमें उसने वंशिका को स्टेडियम भेजने की बात कही थी। उनकी बुद्धि फिर गई थी और उन्हें यह भी ध्यान नहीं रहा कि स्टेडियम में तो भर्ती चल रही है, वहां कोचिंग नहीं हो रही होगी। उनका कहना है कि वंशिका को खोजते हुए जब उन्होंने दसवीं में पढ़ने वाली उसकी एक सहेली अलमासपुर निवासी खुशी के परिवार से संपर्क करने की कोशिश की तो पता चला कि खुशी भी लापता है। हालांकि पहले खुशी के परिजनों ने इस मामले में कोई सूचना पुलिस को देने से मना कर दिया था, लेकिन बाद में उन्होंने भी नई मंडी पुलिस को इस मामले में तहरीर दी है। इस मामले को लेकर हिंदू संगठनों में भी रोष बढ़ रहा है। हिंदू क्रांति मोर्चा के संस्थापक ललित मोहन शर्मा ने इस पर कार्रवाई के लिए पुलिस से मांग की है।

## बैकफुट पर खतौली पालिका, बदल गया शिला पट्ट

**➲चिल्ड्रन पार्क को खत्म कर वहां मार्केट बनाने का मामला लखनऊ तक गूंजने के बाद मारी पलटी**

खतौली, 28 सितम्बर ( बु. )। मुख्यमंत्री के नाम से उल्लिखित शिलापट के गायब होने का मामला तूल पकड़ने के बाद पालिका बैक फुट पर आ गई है और चिल्ड्रन पार्क पर फिर से नया शिलापट्ट लौट आया है। पालिका की नवनिर्मित ट्यूबवैल पर गत लगभग दो माह में लोकार्पण के लगे तीन शिलापटों के परिवर्तन और वहां चिल्ड्रन पार्क को खत्म कर मार्केट बनाने की चर्चाओं के बीच पालिका की कार्य प्रणाली सवालों के घेरे में आ गई थी। 1994 में मौहल्ला मिटठू लाल में तत्कालीन चेयरमैन नरेश पालीवान ने चिल्ड्रन पार्क का निर्माण कराया था। बाद में अनदेखी के चलते खंडहर बने इस पार्क पर चेयरमैन अलका जैन ने जीर्णोद्धार कराया था। फिर से खराब स्थिति में पहुंचे इस पार्क में गत दिनों पंद्रहवें वित्त आयोग की राशि से नलकूप का निर्माण कराया गया और वहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नगर विकास मंत्री अरविंद शर्मा, केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ.संजीव बालियान और पालिकाध्यक्ष बिलकीस के नामों का शिलापट्ट लगाया गया था। इस दौरान उक्त शिला पट्ट को खुर्दबुर्द कर वहां मिट्ठूलाल लिखा शिला पट्ट लगवाए जाने के बाद चिल्ड्रन पार्क को खत्म कर मार्केट बनाने की चर्चाओं के बीच इस मामले की शिकायत की गम्भीरता को जिलाधिकारी द्वारा पालिका अधिशासी अधिकारी से इस सम्बन्ध में मांगे गये स्पष्टीकरण पत्र के मिलते ही रातों-रात जहां ट्यूबवैल पर दूसरा शिलापट लगाते हुए पालिका द्वारा किसी असमाजिक तत्व द्वारा शिलापट चोरी किये जाने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया, परन्तु अगले दिन ही नये लगाये गये शिलापट में चिल्ड्रन पार्क शब्द को हटाये जाने की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता मदन छाबड़ा द्वारा शासन सहित जिलाधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में पालिका बोर्ड द्वारा एक सुनियोजित षड़यंत्र के तहत पालिका चिल्ड्रन पार्क का अस्तित्व समाप्त कर उस स्थान पर पार्क के स्थान पर व्यवसायिक मार्किट बनाने का आरोप लगाया तथा उक्त स्थान पर पार्क के पुन:निर्माण की मांग की गयी। मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री सहित जिलाधिकारी कार्यालयों में इस प्रकरण की शिकायतों का प्रभाव गत दिवस उस समय दिखाई दिया, जब शासन व प्रशासन के दबाव में बैक फुट पर दिखाई दिये पालिका बोर्ड व पालिका प्रशासन द्वारा नव निर्मित ट्यूबवैल पर चिल्ड्रन पार्क शब्द से उल्लेखित तीसरा लोकार्पण शिलापट लगाया गया। पालिका की नवनिर्मित ट्यूबवैल पर गत लगभग दो माह में लोकार्पण के लगे तीन शिलापटों का लगाया जाना जहां राजनैतिक क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता मदन छाबड़ा की लगातार



शिकायतों के पश्चात ट्यूबवैल पर तीसरा शिलापट लगाने वाली पालिका बोर्ड व पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगता दिखाई दे रहा है। बताया जाता है कि पालिका प्रशासन द्वारा इसके अतिरिक्त ढाकन चौक स्थित पालिका की खाली पड़ी भूमि सहित बिद्धिबाड़ा बाजार में पालिका के जर्जर बने आवासों पर भी दुकानें बनाने के टैण्डर जारी किये गये थे, परन्तु बताया जाता है कि चिल्ड्रन पार्क प्रकरण के कारण उनपर भी ग्रहण लगता दिखाई दे रहा है।

## गड़बड़ घोटाले में बिजली विभाग का जेई सस्पेंड

मुजफ्फरनगर, 28 सितंबर ( बु. )। पूर्व विधायक के धरने के बाद बुढ़ाना ग्रामीण बिजलीघर के जेई पवन कुमार शर्मा को सस्पेंड कर दिया गया है। उस पर नए पोल लगाकर 11 हजार की हाई टेंशन विद्युत लाइन को शिफ्ट करके सामान बेचने और प्लाट स्वामी को अनुचित तरीके से लाभ पहुंचाने का विभागीय जांच में दोषी पाया गया है। गत दिवस पूर्व विधायक उमेश मलिक के नेतृत्व में भाजपाईयों ने जेई के विरुद्ध बिना स्टीमेट के एचटी लाइन शिफ्ट करने व पुराना सामान चोरी करने का आरोप लगाते हुए एससी व पुलिस को शिकायती पत्र देकर निलंबन व गिरफ्तार करने की मांग की। एससी ने मामले की जांच एक्सईन को सौंप दी थी। पूर्व विधायक उमेश मलिक के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिजली कार्यालय पर जमकर हंगामा किया था। कार्यकर्ताओं ने विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर चैकिंग के नाम पर अवैध उगाही व उपभोक्ताओं का उत्पीड़न करने का भी आरोप लगाया था। पूर्व विधायक ने कुरथल फीडर जेई पवन शर्मा पर मुजफ्फरनगर रोड पर बिना स्टीमेट के 11 हजार वोल्ट की दो लाइन शिफ्ट करने का आरोप लगाते हुए उसके निलंबन की मांग की। एक्सईन अजय केम ने एसडीओ विकास कुमार जांच के लिए मौके पर भेजा था। पूर्व विधायक ने विभाग के एमडी व एससी से भी मोबाइल पर कॉल कर वार्ता की। पूर्व विधायक की शिकायत पर एससी व बुढ़ाना एसडीएम भी मौके पर पहुंच गए। पूर्व जिला पंचायत सदस्य ठा. रामनाथ सिंह की ओर से एक शिकायती पत्र पुलिस देकर जेई पवन शर्मा के विरुद्ध अवैध रूप से एचटी लाइन शिफ्ट करने व विभाग का पुराना सामान चोरी करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई। मामले की जांच में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने के बाद अवर अभियंता को निलंबित करने के आदेश आज अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार गुप्ता ने जारी किए।

## पालतू कुत्ते की हत्या का मामला दर्ज

**➲पड़ौसी युवक ने कुत्ते को पीटा था, उपचार के दौरान मौत**

मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर ( बु. )। एक पालतू कुत्ते की हत्या को लेकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कुत्ते को पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था और उपचार के दौरान कुत्ते की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह मामला मोहम्मदपुर राय सिंह गांव का है। निखिल ने 25 सितंबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में पशु क्रूरता की धारा में लीला पुत्र जुग्गन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराई। आरोप है कि गांव के ही लीला नाम के युवक ने पालतू कुत्ते ( चिकू ) को पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। वहीं उपचार के दौरान कुत्ते ने दम तोड़ दिया। इसे लेकर कुत्ते का मालिक पुलिस के पास पहुंचा और बुढाना थाने पर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई।

## मां दुर्गा की चौथी शक्ति

**// कूष्माण्डा //**



सुरासम्पूर्णकलशं रूधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे।।

मां दुर्गा जी के चौथे स्वरूप का नाम कूष्माण्डा है। अपनी मन्द, हलकी हंसी द्वारा अण्ड अर्थात् ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया

शेष : पृष्ठ ४ पर

I cordially invite you to visit an
EXHIBITION OF PADMASHALI



Handwoven textiles of
Banarasi | Chanderi | Kota Doria | Bandhani | Ikkat | Kanjivaram | Sanganeri | Chikankari
by
AASTHA RITU GARG
on
28th - 29th September, 2022
at
Services Club, Muzaffarnagar
11 AM - 8 PM
Kindly grace the occasion with your presence
Yours Sincerely : Manoj Bathla

॥ श्रद्धांजली ॥



निर्वाण दिवस : शनिवार, 17 सितम्बर 2022
हमारे पूज्य बहनोई स्व. यशपाल सिंह पुत्र स्व. कल्याण सिंह
(पूर्व डी.जी.सी. सिविल, मुजफ्फरनगर एवं पूर्व उ.प्र. विद्युत शासकीय अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय, भारत)
शोक सभा : 29 सितम्बर 2022, दिन गुरूवार
स्थान : दर्पण बैंकट हॉल, लक्ष्मण विहार, मुजफ्फरनगर
समय : 1:30 बजे अपराहन
मृत्यु सत्य है और शरीर नश्वर है, यह जानते हुए भी अपनों के जाने का दुःख होता है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं, दिवंगत आत्मा को शांति और मोक्ष प्रदान करें।।
—शोकाकुल परिवार—
कुंवर देवराज पंवार – कुंवरानी रीता पंवार
कुंवर वंशराज पंवार, कुंवर उदित राज पंवार
—प्रतिष्ठान—
● लाल सिंह मार्किट, ● मोलाहेड़ी मार्किट
● पंवार कृषि एवं उद्यान फार्म, घासीपुरा,
● अध्यात्म जगत समाचार पत्र, ● सिटी प्लस न्यूज चैनल
मोबाइल : 9927146270, 9837030876



SKB AAROGYAM
Multi Speciality Healthcare (Hospital)
डॉ. सोमेश कुमार गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (आर्थो)
ऑर्थोपेडिक सर्जन
का एस.के.बी. आरोग्यम् परिवार से जुड़ने पर
हार्दिक स्वागत
आपने 20 वर्षो से मुजफ्फरनगर शहर में आर्थोपेडिक उपचार के लिए अपना विशिष्ट योगदान दिया है।
डॉ. सोमेश की अगुवाई में हम आपका बेहतर व सटीक उपचार करने के लिए प्रतिबद्ध है।
-: OPD :-
प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक
(सोमवार से शनिवार तक)
1 अक्टूबर, 2022 से प्रारम्भ
मुख्य इंश्योरेंस व टी.पी.ए. द्वारा कैशलैस इलाज की सुविधा।
7300740070, 7300740072
7302547171, 8791897001
निकट स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर 251 001 (उत्तर प्रदेश)
उपलब्ध सुविधाएँ :-
✦ डायलिसिस विभाग ✦ आपातकालीन एवं ट्रोमा ✦ जनरल सर्जरी ✦ इंटरनल मेडीसिन ✦ स्त्री एवं प्रसूति विभाग ✦ शिशु रोग विभाग ✦ कैंसर चिकित्सा (कीमोथैरेपी) ✦ आई.सी.यू. ✦ एक्स-रे ✦ पैथोलॉजी ✦ फॉर्मेसी ✦ 24x7 एम्बुलेंस सुविधा।



1973-2022

सम्पादक की क़लम से

# अयोध्या में लता चौक

भगवान श्री राम की जन्म भूमि के नगर अयोध्या में अब स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर का चौक बन गया है। अयोध्या में सरयू के किनारे नयाघाट चौराहा अब लता मंगेशकर चौराहा के नाम से जाना जाएगा। सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के नाम पर बने स्मृति चौक का लोकार्पण कल मुख्यमन्त्री योगी ने किया। इस अवसर पर लता मंगेशकर के भतीजे और बहू भी उपस्थित रहे। लता मंगेशकर की 93 वीं जयन्ती के अवसर पर यह लोकार्पण हुआ, लोकार्पण से पहले लता जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद लता के भतीजे आदिनाथ मंगेशकर और बहू कृष्णा मंगेशकर का स्वागत किया गया। लता के गाए भजनों की प्रस्तुति महाराष्ट्र की गायिका सावनी रविंद्र ने दी। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने अपना वीडियो संदेश दिया। उन्होंने कहा कि लता दीदी सरस्वती की साधिका थीं। उनके स्वरों ने दुनिया को जोड़ा। मोदी ने कहा कि लता दीदी राम मंदिर निर्माण से खुश थीं। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लता दीदी के स्वरों में आस्था, आध्यात्मिकता व पवित्रता गूंजती है। उनके गाए हुए भजनों में दैवीय मधुरता थी। उनके स्वर युगों-युगों तक देश के कण-कण को जोड़े रखेंगे। लता दीदी के नाम पर बना ये चौक, हमारे देश में कला जगत से जुड़े लोगों के लिए भी प्रेरणा स्थली की तरह कार्य करेगा। ये बताएगा कि भारत की जड़ों से जुड़े रहकर,आधुनिकता की ओर बढ़ते हुए, भारत की कला और संस्कृति को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाना, ये भी हमारा कर्तव्य है। जब अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन संपन्न हुआ था, तो मेरे पास लता दीदी का फोन आया था। वो बहुत खुश थीं, आनन्द में थीं। उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि आख़िरकार राम मन्दिर का निर्माण शुरू हो रहा है। आज मुझे लता दीदी का गाया वो भजन भी याद आ रहा है, 'मन की अयोध्या तब तक सूनी, जब तक राम न आएं'। अयोध्या के भव्य मन्दिर में श्रीराम आने वाले हैं और उससे पहले करोड़ों लोगों में राम नाम की प्राण प्रतिष्ठा करने वाली लता दीदी का नाम अयोध्या शहर के साथ हमेशा के लिए स्थापित हो गया है। लता दीदी के साथ जुड़ी मेरी कितनी ही यादें हैं, कितनी ही भावुक और स्नेहिल स्मृतियां हैं। जब भी मेरी उनसे बात होती, उनकी वाणी की युग-परिचित मिठास हर बार मुझे मंत्र-मुग्ध कर देती थी। दीदी अक्सर मुझसे कहती थी कि मनुष्य उम्र से नहीं, कर्म से बड़ा होता है। लता जी, मां सरस्वती की एक ऐसी ही साधिका थीं, जिन्होंने पूरे विश्व को अपने दिव्य स्वरों से अभिभूत कर दिया। अयोध्या में लता मंगेशकर चौक पर स्थापित की गई मां सरस्वती की विशाल वीणा संगीत की साधना का प्रतीक बनेगी। मैं इस अभिनव प्रयास के लिए योगी जी की सरकार का, अयोध्या विकास प्राधिकरण का और अयोध्या की जनता का हृदय से अभिनंदन करता हूँ। भारत की संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि भारत की हजारों वर्ष पुरानी विरासत पर गर्व करते हुए, भारत की संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाना, ये भी हमारा दायित्व है। प्रभु राम तो हमारी सभ्यता के प्रतीक पुरुष हैं। राम हमारी नैतिकता के, हमारे मूल्यों, हमारी मर्यादा, हमारे कर्तव्य के जीवंत आदर्श हैं। अयोध्या से लेकर रामेश्वरम तक, राम भारत के कण-कण में समाये हुए हैं। मुख्यमन्त्री योगी ने कहा कि राम के प्रति जिसने जो कुछ भी किया है, उसकी कृतज्ञता की शुरुआत लता चौक से हो गई है। तुलसीदास, वाल्मीकि के नाम पर भी चौराहे बनेंगे। विकास हमारी प्राथमिकता है। पूरे विश्व से अयोध्या सीधे जुड़ेगी। अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन रहा है। सावन में काशी में एक करोड़ भक्त आए। शारदा और लक्ष्मी की कृपा अयोध्या पर बरसने वाली है। लता के गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने कहा कि अयोध्या में भव्य मंदिर बनने के बाद अमेरिका तक के करोड़ों भक्त आने के लिए तैयार खड़े हैं। लता मंगेशकर चौक के कंस्ट्रक्शन को दिखाने के लिए एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी। इसको 3० दिन में करीब 8.5० करोड़ की लागत से बनाया गया है। अयोध्या शोध संस्थान से प्रकाशित ग्लोबल इंसाइक्लोपीडिया ऑफ रामायण के 11 पुस्तकों का विमोचन भी हुआ। 8.5० करोड़ से लता मंगेशकर चौक का निर्माण हुआ है। मां शारदा की वीणा सुर साम्राज्ञी चौक की पहचान होगी। वीणा की लंबाई 1०.8 मीटर और ऊंचाई 12 मीटर है। 14 टन वजनी वीणा को बनाने में 70 लोग लगे। कांसा एवं स्टेनलेस स्टील से एक माह में वीणा बनी। इस पर सरस्वती व मोर के चित्र उकेरे गए हैं। पद्म पुरस्कार विजेता राम सुतार ने वीणा की डिजाइन बनाई है। वीणा के साथ-साथ अन्य शास्त्रीय वाद्य यंत्र भी प्रदर्शित हैं। लता के जीवन और व्यक्तित्व को चौक में दर्शाया गया है। 6 फरवरी, 2022 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। वह आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन मीठी आवाज में गाए अपने गानों के जरिये वह आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं। लता मंगेशकर का नाम भारत की सबसे महान और प्रतिभाशाली गायिकाओं में लिया जाता है। सुरीली आवाज में उन्होंने इंडस्ट्री को बहुत खूबसूरत गीत गाकर दिए। यही वजह रही कि उन्हें 'क्वीन ऑफ़ मेलोडी', 'नाइटिंगेल ऑफ़ इंडिया' और 'वॉयस ऑफ़ द मिलेनियम' जैसी सम्मानजनक उपाधियां मिलीं। लता मंगेशकर ने 36 भारतीय भाषाओं में गाने गाए हैं। उन्हें 2००1 में 'भारत रत्न' से विभूषित किया गया था। लता मंगेशकर ने अपने गानों से रिकॉर्ड बनाया था। गिनीज बुक में उनके नाम सबसे अधिक गाना गाने वाले आर्टिस्ट के तौर पर रिकॉर्ड दर्ज है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मन्दिर बनाने का कार्य तीव्रता से चल रहा है। इसी कड़ी में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने निर्माणाधीन मंदिर की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिसे देखकर भक्त भी आनन्द से झूम उठे। उन्होंने जय श्रीराम लिखकर कमेंट करना शुरू कर दिया। मन्दिर के गर्भगृह का निर्माण कार्य 45 प्रतिशत पूरा हो चुका है। दिसंबर 2०23 तक रामलला का भव्य दिव्य गर्भगृह बनकर तैयार हो जाएगा। इसके साथ ही मन्दिर का प्रथम तल भी बनकर तैयार हो जाएगा।

**चार तीर** -सुनील 'उत्सव'

'काम' 'धींगामुश्ती' 'रिश्वत' 'लोकतंत्र'
काम न करने वाले कहते,धींगामुश्ती नहीं चलेगी,
रिश्वत ख़ोरों का कहना है, रिश्वत ख़ोरी नहीं चलेगी।
आज हमारे आगे आता लोकतंत्र का रूप नया,
गुन्डे भी अब शोर मचाते, गुण्डागर्दी नहीं चलेगी।

## देश के नए अटॉर्नी जनरल होंगे आर वेंकटरमणि, वेणुगोपाल की लेंगे जगह

नई दिल्ली, 28 सितंबर (वार्ता)। केंद्र सरकार ने सीनियर वकील आर वेंकटरमणि को भारत का नया अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति तीन साल के लिए की गई है। वर्तमान में भारत के अटर्नी जनरल केके वेणुगोपाल हैं, लेकिन वो पद से हटने की इच्छा जाहिर कर चुके हैं। 30 सितंबर को उनका कार्यकाल खत्म हो रहा है। जिसके बाद सरकार ने अब नए अटॉर्नी जनरल की नियुक्ति की है। आर वेंकटरमणि की नियुक्ति से पहले से सरकार ने देश के जाने-माने सीनियर वकली मुकुल रोहतगी को यह प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने अटॉर्नी जनरल बनने से इनकार कर दिया था। हालांकि, इसके पीछे उन्होंने कोई विशेष कारण नहीं बताया था। भारत के वर्तमान अटर्नी जनरल के के वेणुगोपाल हैं। औपचारिक रूप से 30 जून 2017 से अपना पद ग्रहण किया था और उनका कार्यकाल 3 साल का था। बीच में उनके कार्यकाल को फिर से आगे बढ़ा दिया गया था। मुकुल रोहतगी पहले भी मोदी सरकार में देश के अटॉर्नी जनरल की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।





## आरक्षण को लेकर कांग्रेस ने घेरी कलेक्ट्रेट, सौंपा ज्ञापन

### -कश्यप समाज को अनुसूचित जाति में शामिल कराने की मांग

मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर (बु.)। फिशरमैन कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बुधवार को डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पर धरना दिया गया। इस दौरान धरने पर बैठे वक्ताओं ने सरकार से कश्यप समाज को अनुसूचित जाति दर्जा दिलाने की मांग करते हुए वायदा निभाने में कोताही किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वर्षों से यह समाज उत्पीड़न का शिकार होता आ रहा है। ऐसे में यदि सरकार ने उनकी बात नहीं मानी तो विवश होकर अब समाज को अपने अधिकार पाने के लिए आंदोलन करना पड़ेगा। बुधवार को फिशरमैन कांग्रेस पार्टी के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। आरक्षण हल्ला बोल के नाम से दिए उक्त धरने को संबोधित करते हुए फिशरमैन कांग्रेस नेता इं. देवेन्द्र कश्यप ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कश्यप समाज वर्षो से स्वयं को अनुसूचित जाति में शामिल किये जाने की मांग करता रहा है। उन्होंने कहा कि कश्यप समाज में सबसे अधिक वंचित समाज है, जिसका सभी सरकारों ने उत्पीड़न किया। कांग्रेस नेता गुफरान काजमी ने कहा कि कश्यप समाज के आरक्षण की मांग के लिए समाज के लोग डीएम कार्यालय पर धरनारत हैं। उन्होंने कहा कि समाज की मांग है कि उन्हें अनुसूचित जाति वर्ग में शामिल कर आरक्षण प्रदान किया जाए। इं. देवेन्द्र कश्यप ने कहा कि फिशरमैन कांग्रेस कमेटी कश्यप समाज के हितों की लड़ाई लड़ रही है। समाज के लोग बहुत ही अभावग्रस्त हैं, लेकिन भाजपा की केन्द्र व प्रदेश की सरकार उन्हें न्याय देने के लिए तैयार नहीं। चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो उग्र आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने विधान सभा चुनाव से पूर्व 17 दिसम्बर 2021 को लखनऊ के रमाबाई पार्क में निषाद समाज की रैली में आरक्षण देने का वादा किया। सरकार की वादाखिलाफी से नाराज होकर समाज ने आरक्षण हल्ला बोल आंदोलन किया और सरकार को चेतावनी दी की यदि शीतकालीन सत्र में आरक्षण पास नहीं किया गया, तो यह समुदाय दिल्ली में आंदोलन के लिए विवश होगा। आंदोलन में मुख्य रूप से कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा, गुफरान काजमी, फिशरमैन जिलाध्यक्ष ब्रजमोहन कश्यप, सुरेशपाल कश्यप, सोनू कश्यप, रामा कश्यप, ओमपाल कश्यप, सद्दाम सिद्दीकी, आदेश कश्यप, सुशील कश्यप, प्रमोद कश्यप, हरपाल कश्यप, गोरधन कश्यप, रणवीर कश्यप आदि हजारों लोग शामिल हुए।

## गांधी कॉलोनी की राम बारात में बना अनूठा इतिहास

### -बारातियों का मिलनी के साथ स्वागत, जमकर भांगडा

मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर (बु.)। एक ओर राजा जनक के साथ सीता जी का परिवार तो दूसरी ओर राजा दशरथ के साथ भगवान राम के परिवार के लोग। बाकायदा विवाह के रूप में सौहर गाए गए। बाराती आए तो उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया और मिलनी की रस्म सामान्य विवाह संस्कारों की तरह की गई। भांगड़ा करने बारातियों का उत्साह देखते ही बनता था। गांधी कॉलोनी में चल रही रामलीला में राम बारात के भव्य आयोजन में आज अनूठा इतिहास बना। राम बारात लक्ष्मी नारायण मंदिर से शुरू हुई। इसमें गांधी कॉलोनी के सभी बुजुर्ग एवं मौजिज लोग मौजूद थे। भगवान राम के साथ बाराती पहुंचे तो फूल मालाओं से उनका स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़े और बैंडबाजे के साथ बारात का शुभारंभ किया। राज बाठला के घर पर माता जानकी का निवास बनाया गया था। वहां के लिए बारात ने प्रस्थान किया। सभी बाराती सजधज कर पगड़ी के साथ राज बाठला के घर पर पहुंचे। सबसे पहले माता जानकी के निवास पर रिबन काटने की प्रथा को अंजाम दिया गया। रिबन काटने के बाद सभी बारातियों के लिए मिलनी का इंतजाम भी किया था। मिलनी में राज बाठला ने सभी बारातियों को कंबल वितरित किए और उसके पश्चात अनेकों प्रकार की मिठाईयां, कोल्ड ड्रिंक, दूध, सैंडविच आदि खान पीने के साथ सभी का भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात गांधी कॉलोनी की सभी गलियों में बारात को ले जाया गया। गांधी कॉलोनी के प्रत्येक घरों में लोगों ने बाहर आकर भगवान राम की पूजा की और भोग लगाया एवम माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया गया। रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारी, रामलीला में पात्रों का किरदार निभा रहे सभी कलाकार एवं गांधी कॉलोनी के सभी लोगों ने बारात में सम्मिलित होकर भरपूर डांस किया। भंगड़ा, गिद्दा डाला और बारात का पूरा मजा लिया। गांधी कॉलोनी के इतिहास में पहली बार इतनी भव्य रामलीला का आयोजन किया गया और उतनी ही भव्य राम बारात का आयोजन भी किया गया। यह बारात पूरी तरह से वास्तविकता में की जा रही शादी की तरह संपन्न हुई और गांधी कॉलोनी के लोगों ने रामलीला कमेटी की भूरी भूरी प्रशंसा की और आयोजकों को धन्यवाद दिया। यह बारात अपने आप में एक ऐतिहासिक आयोजन बन गई।



## भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन से प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए



जानसठ, २८ सितंबर (बु.)। प्राचीन रामलीला मौहल्ला मिश्राण में स्थानीय कलाकारों के द्वारा मंचन किया जा रहा है। नगर के समाजसेवी अमित सैनी ने भगवान श्रीराम के इस पावन कार्य में भाग लेने वाले समस्त कलाकार और कमेटी के सदस्यों को रामचरितमानस भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया। मंगलवार की रात कस्बे की प्राचीन रामलीला में समाजसेवी अमित सैनी ने अपने साथियों संग पहुंचकर मंचन कर रहे कलाकारों का तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित्रमानस की प्रतियां भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि हम सबको भगवान श्री राम के आदर्श जीवन से शिक्षा लेकर उन जैसा बनने का प्रयास करना चाहिए। रामचरितमानस में बताया गया है कि कैसे एक भाई ने अपने भाई के लिए १४ वर्षों तक राज्य को त्याग दिया सुख—दुख को छोड़ दिया। घर परिवार में यदि इस तरह के भाव होंगे तो वह परिवार सुखी रहेगा। इस दौरान कमेटी के संरक्षक जयप्रकाश कांबोज, रमेश चंद कंबोज, वेद प्रकाश सैनी एवं निशांत कंबोज, उमाशंकर शर्मा, सोनी कुमार गुर्जर, अमित शर्मा, ज्ञानचंद सैनी, रतन सिंह राजपूत, रामअवतार दीक्षित, सरदार अमरजीत सिंह छाबड़ा, प्रदीप कांबोज, नेत्रपाल कश्यप, मास्टर जगत सिंह, राजेश मास्टर, प्रमोद सैनी टेंट वाले, प्रदीप सैनी मौजूद रहे।

## डीएम चन्द्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धुओं की बैठक सम्पन्न हुई

मुजफ्फरनगर, २८ सितम्बर (सूवि)। आज कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम चन्द्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धुओं की बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में उपायुक्त, जिला उद्योग केन्द्र परमहंस मौर्य बिन्दुवार एजेण्डा पढ़ते हुए उद्योग बन्धुओं की समस्या से डीएम एवं अन्य विभागों को अवगत कराया। उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया कि जनपद में एप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन माह अक्टूबर मेंरोजगार मेला प्रस्तावित है। जिसमें जनपद के उद्योग बन्धुओं द्वारा रुचि लेकर जनपद के युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के साधन उपलब्ध कराये जा रहे है। बैठक में एकल खिड़की योजना के अर्न्तगत निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा की गयी, जिसमें एक जनपद एक उत्पाद में १८ प्रकरण लंबित है, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना ६६ प्रकरण लंबित है, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में ५२ प्रकरण लंबित है, जिन्हे शीघ्र ही निस्तारित करने के निर्देश। बैठक में इन्डस्ट्रियल मु.नगर द्वारा जौली रोड पर सूखे पेड़ की शिकायत पर डीएम ने १५ दिन डीएफओ समाधान करने निर्देश। आईआईए मु.नगर अग्निशमन फायर स्टेशन के सम्बन्ध में अवगत कराया, जिसमें डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिये जिला अग्निशमन अधिकारी से समन्वय कर शासन को रिपोर्ट भेजी जाये। विभागीय योजनाओं की समीक्षा तथा औद्योगिक संगठनों से प्राप्त बिजली/वन विभाग/अग्नि शमन/यूपीसीडी/स्टाम्प इत्यादि विभागों से प्राप्त शिकायतों को डीएम के समक्ष रखा गया, जिस पर डीएम द्वारा निर्णय करते हुए कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। लंबित शिकायतों की समस्या के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित कर उन्हें आश्वस्त किया गया। डीएम द्वारा समस्त उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त उद्योग बंधु जनपद की आर्थिक शक्ति है, जिनकी समस्याओं का निस्तारण करना प्रशासन का सर्वप्रथम कर्तव्य है, उद्योगों से सम्बन्धित समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराया जाए। उक्त बैठक में सीडीओ संदीप भागिया, अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र परमहंस मौर्य एवं अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ उद्योग बंधु भी उपस्थित रहे।



भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल भाजपा जिला मंत्री सचिन सिंघल के आवास पर रात्रि भोज में पहुंचे, जहां पर भाजपा जिला पदाधिकारियों ने मोहित बेनीवाल का स्वागत किया, वहीं दूसरी तरफ महिला मोर्चा के साथ डॉ. श्वेता कौशिक ने मोहित बेनीवाल जी को सम्मानित किया।

**Name Change**

I SUMAN LATA SINGHAL declare that I have changed my name from SUMAN LATA to SUMAN LATA SINGHAL for all future purposes.

Suman Lata Singhal
W/o Shri Ravindar Kumar Singhal
R/o 111-B, Vakil Road, New Mandi, Muzaffarnagar







## दिया भरत को राज पिता ने मुझे हुकुम वन जाने का, नहीं किसी का दोष मेरी मैय्या, बदला रंग जमाने का'

### -'राम वनवास' का 'मार्मिक मंचन' देख शाहपुर में 'राम रसिकों' के नेत्र हुए 'सजल' -केवट संवाद, सुमंत की वापसी, श्रवण लीला, दशरथ मरण का मार्मिक मंचन

शाहपुर, 28 सितम्बर (बु.)। शाहपुर में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव के आठवें दिन रंगमंच पर प्रभु श्रीराम के विवाह माता जानकी के कन्यादान माता सीता की विदाई राम राज्यभिषेक की घोषणा के साथ-साथ केकई मंथरा एवं केकई दशरथ संवाद का बेजोड़ मंचन देखने एवं राम वनवास का मार्मिक मंचन देख राम भक्तों के नेत्र सजल हो उठे रात्रि की लीला में दर्शकों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी चित्रकूट धाम की विश्व प्रसिद्ध कला मंडल के कलाकार अपनी अमिट छाप छोड़ रहे हैं। रात्रि की लीला में गंगा पार करते समय केवट से संवाद 'मेरी छोटी सी है नाव तेरे जादू भरे पाव मुझे डर लागे राम कैसे बिठा लूं तुझे नाव में' आदि अन्य गीतों की प्रस्तुति शानदार रही। इसके बाद सुमंत की वापसी का बड़ा ही मार्मिक मंचन किया गया। दशरथ मरण में श्रवण लीला दिखाई गई। राजा दशरथ को मृत्यु से पहले याद आता है 'श्रवण की मृत्यु के पश्चात उसके माता-पिता ने श्राप दिया था यह वचन अमर होंगे तेरे चार कुंवर होंगे, जिस दिन मरेगा तू दशरथ ना पास में होंगे वनवास में होंगे'।

नगर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी रजिस्टर्ड के द्वारा आयोजित श्री रामलीला महोत्सव में रात्रि में रंगमंच पर सबसे पहले भगवान राम एवं सीता के विवाह माता जानकी के कन्यादान का मंचन हुआ बड़ी संख्या में नगर वासियों विशेषकर महिलाओं ने कन्यादान में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर अपना जीवन धन्य बनाया इसके बाद राजा दशरथ द्वारा राजगुरू वशिष्ठ जी से मंथन के उपरांत भगवान राम के राज्याभिषेक की घोषणा की जाती है, जिससे समस्त अवधपुर वासी हर्षोल्लास में डूब जाते हैं राजतिलक से पहले की रात्रि महारानी केकई की दासी मंथरा मकरानी को बरगलाने पहुंच जाती है और रानी दासी को देखकर कहती है

हम सबने शीश गुथाएं हैं, तूने क्यों बाल बिखेरे हैं।

तू रो रही अपशगुन शायद, यह कैसे लक्षण तेरे हैं।

तू किस से लड़ कर आई है, भूखी है या प्यासी है,

सौगंध तुझे मेरे सर की, दासी क्यों तुझे उदासी है।।

मंथरा केकई से कहती है राम को अयोध्या का राजा बनाया जा रहा है और तुम्हारे पुत्र भरत को कुछ नहीं मिलेगा, तुम्हें जीवन पर्यंत कौशल्या की दासी बनकर रहना पड़ेगा। यह बात सुनकर पहले तो केकई क्रोधित हो जाती है और मंत्रा पर कोड़े बरसाती है और कहती है राम मुझे भरत से भी प्रिय है, किंतु दासी के बार-बार बहकाने एवं देवताओं द्वारा विनती कर भेजी गई माँ सरस्वती के मंथरा की जिव्हा पर विराजमान होने पर केकई अपनी सब श्रृंगार एवं आभूषण उतारकर कोप भवन में जाकर लेट जाती है। राज तिलक से पूर्व की रात्रि राजा दशरथ महलों में पहुंचते हैं, तो रानी केकई के कोप भवन में जाने की सूचना पर वही पहुंच जाते हैं। कारण पूछने पर केकई राजा दशरथ से अपने दो वरदान मांगती है तथा याद दिलाती है कि देवासुर संग्राम के दौरान वह उनके रथ के सारथी बनी थी। रथ का पहिया निकल जाने पर उसकी धुरी में अपनी उंगली से रानी ने रथ चलाया था, तब राजा दशरथ ने उन्हें दो वरदान दिए थे। दशरथ केकई से वरदान मांगने को कहते हैं, जिसमें केकई पहले वरदान में अपने पुत्र भरत को अयोध्या का राज और दूसरे वरदान में भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास मांगती है। केकई के वचन मांगने पर राजा दशरथ अर्ध मूर्छा में आ जाते हैं। भगवान राम यह पता चलने पर महलों में पहुंचते हैं और कारण पूछते हैं। केकई राम को दोनों वरदान के बारे में बताती है, जिस पर राम से हर्ष वन जाने को तैयार हो जाते हैं। भगवान राम माता कौशल्या के महलों में जाते हैं और कहते हैं

'राज के बदले हे मेरी माता मुझे हो गया हुकुम फकीरी का

खड़ा मुंतज़िर मैं तो माता तेरे हुकुम मजीरी का,

दिया भरत को राज पिता ने मुझे हुकुम वन जाने का

नहीं किसी का दोष मेरी मैया, बदला रंग जमाने का ।

कौशल्या राम से कहती है,

दे दे राज खुशी से उसको मुझे उससे कोई बैर नहीं, तू भी बेटा वह भी बेटा भरत मुझे कोई गैर नहीं।

इसके बाद जानकी सीता भी भगवान राम के साथ वन जाने के लिए तैयार हो जाती है और विलाप करती है प्रभु के लाख समझाने पर भी वह नहीं मानती बाद में लक्ष्मण जी को जब यह समाचार मिलता है, तो वह भी भगवान के साथ वनवास जाने के लिए तैयार हो जाते हैं, अपनी माता सुमित्रा से जब लक्ष्मण आज्ञा लेने जाते हैं तो एक आदर्श प्रस्तुत करते हुए माता सुमित्रा कहती है-

'लाल करूं क्या नसीहत तुझे तू तो खुद ही है, मुझसे विदा ना कुवर,

जिस जगह पर पड़े पसीना राम का खून अपना वहां पर बहाना कुंवर।

लाज रखना मेरे दूध के लाडले, कहीं ताना ना मुझको दिलाना कुंवर,

अगर राम को वन में कुछ भी हुआ लौट तू भी अवध को ना आना कुंवर।।

इसके बाद राम लक्ष्मण जानकी माता कौशल्या एवं सुमित्रा से आज्ञा लेने के बाद राजा दशरथ एवं केकई के महलों में जाते हैं और कहते हैं-

'राम वनों को जाता री माता ले ले री वस्त्र और भूषण, तन पर भस्म रमाता से माता,

जिंदा रहे तो मैय्या आन मिलेंगे काल सभी को खाता री माता।

कहो पिताजी क्या है हाल तुम्हारा, नाता टूटा जाता री माता,

इसके अलावा ले ले अमीरी जोड़ा जोगिया पहना दें री की प्रस्तुति देखकर दर्शकों के नेत्र सजल हो उठे। रात्रि की रामलीला में नगर व देहात से भारी भीड़ उमड़ी कमेटी व पुलिस प्रशासन को व्यवस्था में खासी मशक्कत करनी पड़ी।

**JOB OPPORTUNITY**

A reputed Agro-Chemicals manufacturing company from western UP invites application for its vacancies from the following streams :

- B.Tech/M.Tech - Chemical and Mechanical
- Diploma Course - Chemistry and Mechanical
- B.Sc./M.Sc. - Chemistry or Industrial Chemistry
- MBA - Marketing, Finance and Human Resource

Interested candidates may send their resumes on hrdelhi.corporates@gmail.com

## शहीदेआजम स. भगत सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई

मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर (बु.)। देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीद भगत सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान वाल्मीकि समाज के लोगों ने गांधी वाटिका में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले व देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपनी जान कुर्बान करने वाले अमर शहीद सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जांबाजी और देशभक्ति के बारे में बताते हुए उनकी 116वीं जयंती मनाई। इस दौरान अधिकांश वक्ताओं ने देश की आजादी में शहीदों द्वारा किए योगदान की सराहना करते हुए स्वतंत्र भारत में खुली हवाओं के बीच सांस लेने के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्य रूप से मनोज सौदाई एडवोकेट, मनुप्रिय मजदूर, संजीव गहलौत बामसेफयूनाइटेड, राजू प्रधान, सुधीर पारचा, अनुज बेनीवाल कूकड़ा, राजकुमार बेनीवाल, जितेंद्र शेरयार, अर्जुन टांक, विकास, अनिल आदि मौजूद रहे।





शहर रामलीला टाउनहाल में बुधवार रात्रि भगवान श्रीराम की बारात निकाली गयी, जिसने हर किसी का मन मोह लिया।

## गिरफ्तार जवान से आईकार्ड, भर्ती से संबंधित दस्तावेज बरामद

मेरठ, 28 सितंबर (वार्ता)। मेरठ में एसटीएफ ने अग्निवीर भर्ती कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरफ्तार सेना के जवान के पास से भर्ती से संबंधित दस्तावेज बरामद हुए हैं। आरोपी अपने भाई और एक अन्य के साथ मिलकर गिरोह चला रहा था और 2018 से सक्रिय था। पूर्व में भी कुछ लोगों को इसी तरह से ठग चुका है। एसटीएफ अन्य आरोपियों की तलाश में लगी है। एटीएस को गौतमबुद्धनगर के दादरी थाने के गांव लुहारली निवासी एक युवक ने इनपुट दिया था। बताया कि उसका भाई मुजफ्फरनगर में अग्निवीर भर्ती में शामिल हुआ है। इस दौरान उसका परिचय संदीप नाम के युवक से हुआ था, जिसने सेना में अग्निवीर भर्ती कराने का दावा किया। पांच लाख रुपये में भर्ती कराने की बात तय की गई। संदीप ने तनुज से मुलाकात कराई, जिसका भाई नरेश सेना में जवान है। इसके बाद भर्ती के लिए ढाई लाख रुपये की रकम एडवांस में दे दी गई। बताया कि मंगलवार को अभ्यर्थी का मेडिकल मेरठ के आर्मी अस्पताल में होना है। यहीं पर बाकी कर रकम नरेश को दी जानी है। एसटीएफ ने इसी सूचना पर घेराबंदी करते हुए नरेश को दबोच लिया, जबकि बाकी आरोपी निकल भागे। आरोपी सेना के जवान नरेश कुमार निवासी गांव मसौता, थाना मसूरी गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से एसटीएफ ने एक मोबाइल फोन, सेना का आईकार्ड, अग्निवीर भर्ती से संबंधित दस्तावेज बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ सदर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी जवान नरेश कुमार की तैनाती फिलहाल हेड क्वार्टर-3 ईडब्लू-ब्रिगेड पुणे में हेड कांस्टेबल के पद पर है। वर्ष 2००9 में सेना में भर्ती हुआ था और वर्तमान में सिग्नल कोर में है।

### दिग्विजय बनाम थरूर की ओर बढ़ रहा कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव

नई दिल्ली, 28 सितंबर (वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह 17 अक्टूबर को होने वाले पार्टी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ सकते हैं। दिग्विजय सिंह के चुनाव लड़ने की खबर ऐसे समय में आई है जब अशोक गहलोत की उम्मीदवारी पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। दरअसल राजस्थान कांग्रेस में मचे घमासान के बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बुधवार रात दिल्ली के लिए रवाना हो गए। गहलोत के अलावा दिग्विजय सिंह के भी बुधवार रात ही दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि दिग्विजय सिंह बृहस्पतिवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात कर सकते हैं। दिग्विजय इस समय राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा के लिए केरल में हैं।

# डॉ. राकेश खुराना ने बचा ली विजय की जान

## ➲इवान में 63 चम्मच निगलने वाले विजय की हालत अब खतरे से बाहर




मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर ( बु. )। इवान हास्पिटल में नशेडी युवक के पेट से 63 चम्मच निकलने का मामला जहां चर्चा का विषय बना है, वहीं इस पूरे मामले में इवान हास्पिटल के चिकित्सकों की टीम की योग्यता के भी लोग कायल हो गए हैं, जिन्होंने उक्त युवक को मौत के मुंह से निकालने में बड़ी भूमिका अदा की है।

इवान के चिकित्सकों ने बताया कि मंसूरपुर क्षेत्र के गांव बोपाडा निवासी विजय को पेट दर्द की शिकायत के बाद उसके परिजन भोपा रोड स्थित इवान हॉस्पिटल लाए थे। गंभीर हालत में पहुंचे विजय का एक्सरे और अन्य जांच कराई तो उसके पेट में धातु की वस्तु होने का पता चला। इसके बाद विजय को हॉस्पिटल में भर्ती कर लिया गया। इवान के वरिष्ठ सर्जन डॉ. राकेश खुराना ने विजय का ऑपरेशन किया तो उसके पेट से 63 चम्मच निकली। यह देखकर चिकित्सक हतप्रभ रह गए। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत थोड़ी गंभीर थी, लेकिन अब इसमें सुधार बताया जा रहा है। ऑपरेशन के बाद मरीज के रिश्तेदारों ने विजय की जान बचने के बाद डॉक्टरों का शुक्रिया अदा किया और उन्हें धरती का भगवान बताया। किसी व्यक्ति के पेट से इतनी भारी संख्या में चम्मच निकालना हैरान कर देने वाला है। हालांकि विजय के पेट में इतनी सारी चम्मच कैसे समा गई यह अभी भी रहस्य बना हुआ है। हालांकि विजय के रिश्तेदारों का कहना है कि विजय को यह चम्मच नशा मुक्ति केंद्र में जबर्दस्ती खिलाई गई है। इस बात पर विश्वास नहीं हो रहा है। विजय नशे का आदी था और इसके चलते उसकी नशे की आदत छुड़ाने के लिए उसे जनपद शामली के एक नशा मुक्ति केंद्र में भेजा गया था। सर्जन डॉ. राकेश खुराना का कहना है कि विजय की पत्नी ने उन्हें बताया था कि जब उनको पता चला था की विजय के पेट में चम्मच है तो उसने अपनी पत्नी को भी एक चम्मच खाकर दिखाई थी। डॉ. खुराना के अनुसार अब विजय खतरे से बाहर है। इस मौके पर डॉ.पंकज जैन, डॉ अनुभव सिंघल, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ कोमल राठौर, डॉ प्रत्यूष, ममता चावला, सताक्षी शर्मा आदि मौजूद रहे। इवान हास्पिटल के डायरेक्टर विजय जैन ने इस कामायाबी पर वरिष्ठ सर्जन डॉ. राकेश खुराना की प्रशंसा करते हुए समस्त चिकित्सकों व स्टाफ को बधाई दी है।

## गरबा इवेंट में घुसे मुस्लिम युवक को बुरी तरह पीटा

अहमदाबाद, 28 सितंबर ( वार्ता )। एक गरबा कार्यक्रम में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक मुस्लिम व्यक्ति की कथित तौर पर पिटाई कर दी। घटना अहमदाबाद के सिंधु भवन इलाके की बताई जा रही है। दरअसल, शहर में बजरंग दल के कार्यकर्ता औचक निरीक्षण के लिए गरबा स्थलों का दौरा कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, अहदाबाद में एक गरबा कार्यक्रम में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने चार मुस्लिम लड़कों को कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करते हुए पकड़ा। तीन भागने में सफल रहे, जबकि एक पकड़ में आ गया। आरोप है कि कार्यकर्ताओं ने उसे बुरी तरह पीट दिया। बजरंग दल के अनुसार, मुस्लिम युवक धार्मिक उत्साह के साथ गरबा में भाग नहीं लेते हैं। वे हिंदू लड़कियों को लुभाने के गलत इरादे से उनमें शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य भर में नवरात्रि उत्सव के दौरान औचक निरीक्षण जारी रहेगा।






शारदेन पब्लिक स्कूल में आयोजित स्पिक मैके कार्यक्रम में डॉ. किरण सेठ का स्वागत करते विश्वरत्न, धारा रत्न व प्रो. आरएम तिवारी तथा उपस्थित अतिथि।

# शास्त्रीय संगीत और योग से जीवन को साधिए : डॉ.किरण सेठ

## ➲73 वर्ष की आयु में श्रीनगर से कन्या कुमारी की साइकिल यात्रा पर निकले डॉ.सेठ ➲शारदेन स्कूल में अपनी अनुभव सिद्ध वाणी से किया सम्मोहित, दिए उपयोगी टिप्स

मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर ( बु. )। नगर के छात्र-छात्राओं के लिए आज अनूठा दिन था। स्पिक मैके के संस्थापक डॉ.किरण सेठ ने अपनी अनुभव सिद्ध वाणी से न केवल सदन को सम्मोहित किया, बल्कि कई ऐसे टिप्स दिए जो उनके शैक्षिक जीवन में आमूल परिवर्तन की नींव रख सकते हैं। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत और योग को अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि यह दोनों तत्व जीवन को प्रगति की ऊंचाईयों के साथ आत्म शांति के पथ पर आगे ले जा सकते हैं।

स्पिक मैके ( सोसाइटी फॉर दि प्रमोशन ऑफइंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंग्स्ट यूथ ) के संस्थापक व आईआईटी दिल्ली के पूर्व प्रोफेसर व प्रोफेसर एमेरिटस पद्मश्री डॉ. किरण सेठ कश्मीर से कन्याकुमारी तक की अपनी एकल यात्रा के दौरान आज आईआईटी रुड़की से साइकिल से मुजफ्फरनगर पहुँचे। शारदेन स्कूल के खचाखच भरे ऑडीटोरियम में दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। शारदेन स्कूल के निदेशक विश्व रत्न द्वारा स्वागत तथा डॉ.आरएम तिवारी के परिचय उद्बोधन के बाद पद्मश्री डॉ.किरण सेठ ने कहा कि स्पिक मैके लंबे समय से युवाओं में भारतीय संस्कृति और लोककलाओं के प्रोत्साहन के लिए काम कर रहा है। उनका कहना था कि पाश्चात्य विज्ञान की उपलब्धियों का स्वागत और उपयोग किया जाना चाहिए, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारी परंपरा और संस्कृति काफी समृद्ध है। अल्बर्ट आइंस्टीन से लेकर प्रो रामानुजम तक के तमाम किस्सों के उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत में ऐसा सब कुछ है जो आत्मिक और आध्यात्मिक उन्नति के पथ प्रशस्त करता है। उन्होंने विद्यालयों को सलाह दी कि सुबह स्कूल खुलते समय, मध्यांतर और स्कूल के अवकाश के समय भारतीय शास्त्रीय संगीत बजाएंगे तो इससे छात्र-छात्राओं को मानसिक शांति की अनुभूति होगी। स्मरण शक्ति को बढ़ाने के लिए योग को बेहतर माध्यम बताते हुए उन्होंने कहा कि श्वांस को साधकर छात्र-छात्राएं अपने ध्यान को बेहतर तरीके से एकाग्रचित्त होकर अपनी शिक्षा पर केंद्रित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग भी खोलता है। उन्होंने कहा कि जितने बड़े वैज्ञानिक हुए हैं, वे किसी ना किसी रूप से शास्त्रीय संगीत की साधना करते थे। इससे उन्हें मानसिक बल मिलता था। ऐसे में शास्त्रीय संगीत को अपनाएंगे तो जीवन में शांति और उन्नति के तमाम मार्ग स्वतः खुलते चले जाएंगे। बाद में पत्रकारों से वार्ता करते हुए डॉ.सेठ ने कहा कि 73 साल की आयु में श्रीनगर से कन्या कुमारी तक साधारण साइकिल से यात्रा करने के पीछे उनका उद्देश्य युवाओं को भारतीय संस्कृति, योग और परंपराओं के प्रति जागरूक करना है। इसके अलावा पर्यावरण के प्रति उन्हें सही सोच देना, साइकिलिंग को बढ़ावा देना और महात्मा गाँधी के सादा जीवन उच्च विचार के सन्देश को फैलाना तथा स्पिक मैके में अधिक से अधिक निष्काम सेवा करने वाले युवाओं को तैयार करना है भी इसका उद्देश्य है, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत को संभाल सकें। पद्मश्री प्रोफेसर किरण सेठ पिछले 45 वर्षों से स्पिक मैके के माध्यम से भारतीय संस्कृति को युवाओं तक पहुंचाने में तन मन धन से समर्पित हैं। 73 वर्ष की आयु में कश्मीर से कन्याकुमारी एकल साइकिल यात्रा उसी संकल्प की एक कड़ी है। शारदेन स्कूल में उपस्थित नगर के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, विद्यार्थियों व अधिकारियों व अन्य प्रबुद्धजनों को उन्होंने संबोधित किया। उन्होंने सभी विद्यालयों के प्राचार्यों से सीधे संवाद कर प्राथमिक स्तर से ही बच्चों में ऐसे संस्कार उत्पन्न करने का आग्रह और निजी या संस्थागत तौर पर स्पिक मैके से जुड़ने का आह्वान किया। डॉ. सेठ आईआईटी दिल्ली आईटीआई में गणित के प्रोफेसर व प्रोफेसर एमेरिटस के रूप में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। अमेरिका के कोलबिया विश्वविद्यालय से एमटेक व पीएचडी किरन सेठ ने भारत में आकर स्पिक मैके जैसी देश की अनूठी संस्था स्थापित की जो अब एक विशाल सांस्कृतिक आंदोलन का रूप ले चुका है। दीप प्रज्वलन विद्यालय निदेशक विश्व रतन, धारा रत्न, प्रो. आरएम तिवारी, डॉ किरन सेठ व जिला विद्यालय निरीक्षक गजेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

## शातिर पुलिस की गोली से हुआ लंगड़ा

मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर ( बु. )। छपार पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश पुलिस की गोली से लंगड़ा हो गया, जबकि उसका साथी पुलिस पर फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को चिकित्सालय में भर्ती कराया है। घायल बदमाश के कब्जे से तमंचा कारतूस व एक बाइक बरामद हुई है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि छपार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार पुलिस टीम के साथ खामपुर रोड पर स्थित काली नदी पुल पर चैकिंग अभियान चलाए हुए थे, तभी पुलिस टीम को बाइक सवार दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर दोनों युवक पुलिस पार्टी पर फायरिंग करते हुए मौके से भागने लगे। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए बदमाशों का पीछा किया, तो बदमाश जंगल में घुस गए। पुलिस की फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी घने जंगल का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश मेरठ के अब्दुल्लापुर निवासी किक उर्फ वाहिद पुत्र धूम है, जबकि फरार बदमाश जीशान पुत्र इस्लाम निवासी खामपुर, थाना छपार है। पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा, कारतूस व एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी मेरठ क्षेत्र में चोरी की कई वारदातों में वांछित चल रहा था। मेरठ पुलिस को आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना दे दी गई है।

## मोहित बेनीवाल को सौंपा ज्ञापन



मुजफ्फरनगर, २८ सितम्बर (बु.)। डीजल जेनरेटर बंद करने के सीएक्यूएम के आदेश के खिलाफ आईआईए का ज्ञापन क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल को आईआईए के चेयरमैन विपुल भटनागर व कुशपुरी ने दिया व उन्होंने विषय की गम्भीरता को समझकर इसे उच्चाधिकारियों को अग्रेषित करने व इसके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## मुठभेड़ में 2 चोर गिरफ्तार, एक गोली लगने से घायल

मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर ( बु. )। भौराकला पुलिस ने मुठभेड़ में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। भौराकलां थाना प्रभारी नवीन भाटी ने बताया कि पुलिस सिसौली अलावलपुर माजरा मार्ग पर चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को रोका, तो दोनों युवक मोटरसाइकिल छोड़कर पैदल ही खेतों की ओर भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया, तो दोनों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर झोंक दिया। पुलिस ने बचाव में फायर किया, तो एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घेरकर दोनों बदमाशों को पकड़ लिया। पुलिस मुठभेड़ की सूचना पाकर एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव ,सीओ फुगाना शरद चंद्र शर्मा थानाध्यक्ष तितावी तथा थानाध्यक्ष फुगाना भी मौके पर पहुंच गए। पकड़े गए बदमाश मेरठ जिले के थाना कंकरखेड़ा के गांव लाला मौहम्मदपुर निवासी अलीजान पुत्र यामीन, शकील पुत्र जमील है। पुलिस ने दोनों बदमाशों के कब्जे से दो तमंचे 315 बोर खोखा कारतूस तथा चोरी किए गए बिजली के ट्रांसफॉर्मर की पत्ती व अन्य सामान बरामद किया। गोली लगने से घायल अली जान को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## दो गाड़ियों की जबरदस्त भिड़ंत, बाल-बाल बचे चालक

मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर ( बु. )। कैराना में नेशनल हाईवे पर हरिद्वार और करनाल से आ रही दो गाड़ियों की भिड़ंत हो गई। भिड़त में गाड़ी चालक सहित अन्य सवार बाल-बाल बचे। बुधवार को हरियाणा के करनाल से पंकज पोशवार अपने परिवार के साथ करनाल से कैराना के ऊंचा गांव में जा रहे थे। जैसे ही वह नेशनल हाइवे शामली रोड पर बाईपास पुल के नीचे से सड़क क्रॉस की, तो तभी शामली की ओर से आई एर्टिगा दूसरी गाड़ी फॉर्च्यूनर में जा भिड़ी, लेकिन गाड़ी में सवार बाल-बाल बच गए। बाद में गाड़ी के दोनों चालक आपस में विवाद करने लगे, लेकिन एकत्र हुए लोगों ने दोनों का समझौता करा दिया। एर्टिगा गाड़ी को अमित निवासी जनपद पानीपत के गांव मतलोड़ा के बताए गए हैं, जो हरिद्वार से अपने गांव जा रहे थे। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी पहुंची।

## शिवचौक स्थित दो बड़े शोरूम पर छापेमारी

मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर ( बु. )। ब्रांडेड कपड़ों की कंपनी रेमंड के अधिकारियों को काफी समय से शहर में नकली रेमंड ब्रांड के कपड़े बेचने की शिकायत मिल रही थी। बुधवार शाम के समय मुंबई से रेमंड कंपनी के अधिकारी सलीम अपनी टीम के साथ शहर कोतवाली पहुंचे। यहां से पुलिस टीम को साथ लेकर शिवचौक स्थित दो बड़े शोरूम पर पहुंचकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान रेमंड मार्का कंपनी के कपड़ों के 35 बॉक्स मिले। बताया गया है कि उक्त सभी नकली रेमंड कंपनी के कपड़े हैं। पुलिस ने कपड़ों को जब्त कर लिया। पुलिस मुकदमा दर्ज करने की तैयारी में जुटी थी।

## युवक पर जानलेवा हमला

मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर ( बु. )। नई मंडी थाना क्षेत्र के मौहल्ला सुभाष नगर में एक युवक पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल का चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। इस सम्बन्ध में नई मंडी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मौहल्ला सुभाष नगर निवासी खुशी पुत्री शाहबुद्दीन ने बताया, कि उसका भाई समीर दुकान से सामान लेने के लिए जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में मौहल्ले के ही शमशाद ने अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ हथियारों से लैस होकर उसके भाई को रोक लिया और उस पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने उसके भाई को लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने उसके भाई की जान बचाई। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घायल का चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।




भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते भाजपा नेता व उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता।

# भाजपा के मंच पर उतरे पार्टी के बुद्धिजीवी

मुजफ्फरनगर, 28 सितंबर ( बु. )। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस भोपा रोड स्थित वृन्दावन गार्डन में प्रबुद्धजन व बुद्धिजीवी सम्मेलन आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला व संचालन जिला संयोजक अचिंत मित्तल व कांति राठी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मोहित बेनीवाल ( क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिम क्षेत्र भाजपा ). जिला प्रभारी सतेन्द्र सिसौदिया रहे। मंच पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में वैभव जैन ( मै. हनुमान स्टील्स एण्ड विण्डकॉम ) व नरेश मलिक ( प्रधानाचार्य छादूराम डिग्री कॉलेज ) उपस्थित रहे। अचिंत मित्तल व कांति राठी द्वारा विशिष्ठ अतिथियों को स्मृति चिन्ह व पटका पहनाकर स्वागत किया। संदीप कुमार ( जिला उपाध्यक्ष अनु0 मोर्चा ), डॉ0 तुलसी भारद्वाज ( क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा ), सीमा शर्मा, केशव झाम, अचिन सागर एंव मनीष अग्रवाल ( श्याम परिवार सुखी परिवार ) आदि ने भी मंचासीन अतिथियों को पगडी, पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। सतपाल सिंगर द्वारा मोदी के व्यक्तित्व पर गीत गाकर प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि मोहित बेनीवाल ने बताया कि मोदी जी ने पहली बार 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री का पद संभाला था 7 अक्टूबर 2021 को उन्होंने सीएम और पीएम के पद काम करते हुए अपने 20 साल पूरे किए इन दो दशकों की खास बात ये है कि इनमें आईडिया आफ मोदी यानि मोदी के विचार का विस्तार हुआ 130 करोड भारतीयों की सेवा को समर्पित इस महत्वपूर्ण यात्रा के 20 साल पूरे होने के अवसर पर यह समझना आसान है मोदी मैजिक क्या है और कैसे काम करता है। उन्होंने सबके हित और देश के विकास के लिए काम किया। मुख्य रूप से डॉ. सुभाष शर्मा, उमेश मलिक, अशोक कंसल, डॉ. वीरपाल निर्वाल, सुखदर्शन बेदी, सतपाल पाल, सुरेन्द्र देव शर्मा, यशपाल पंवार, सुधीर सैनी, श्रीमोहन तायल, कुशपुरी, रामकुमार सैनी, राजीव गर्ग, कुंजबिहारी अग्रवाल, गीता जैन, अशोक बाठला, भूदेव जी, कैप्टन प्रवीण, कोमल प्रसाद गौतम, अरविन्द राज शर्मा, रोहिल वाल्मीकि, सुषमा पुण्डीर, जिला उपाध्यक्ष संजय गर्ग, शरद शर्मा, नितिन मलिक, रोहताश पाल, राजीव सिंह गुर्जर, जिला मंत्री वैभव त्यागी, रेणु गर्ग, राहुल गोयल, सचिन सिंघल, साधना सिंघल, बोबिन्द सहरावत, सुधीर खटीक, सुनील दर्शन, रमेश खुराना आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आरएसएस को तमिलनाडु में कार्यक्रम की इजाजत नहीं, संघ ने गृह सचिव को भेजा कानूनी नोटिस

चेन्नई, 28 सितंबर ( वार्ता )। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( आरएसएस ) ने गृह सचिव सहित तमिलनाडु सरकार के शीर्ष अधिकारियों को कानूनी नोटिस जारी किया है। दरअसल तिरुवल्लूर पुलिस ने संघ को 2 अक्टूबर को रूट मार्च आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। संघ का कहना है कि इस मामले में मद्रास उच्च न्यायालय पहले ही उसके पक्ष में फैसला दे चुका है। कोर्ट के आदेश के बावजूद %रूट मार्च की अनुमति न देने को लेकर आएसएस ने तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी किया है।

## रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान देश के अगले सीडीएस नियुक्त

नई दिल्ली, 28 सितंबर ( वार्ता )। भारत सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान ( सेवानिवृत्त ) को अगले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के रूप में नियुक्त किया है। पिछले साल हेलिकॉप्टर हादसे में जनरल बिपिन रावत के निधन के बाद से ही यह पोस्ट खाली पड़ी थी। जिसके बाद अब करीब 10 महीने बाद सरकार ने अगले सीडीएस की नियुक्ती की है। रावत देश के पहले सीडीएस भी थे। रक्षा मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आदेश में कहा गया है कि भारत सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान ( सेवानिवृत्त ) को अगले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के रूप में नियुक्त किया। वे भारत सरकार में सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में भी कार्य करेंगे। रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान के बारे में आपको बता दें इन्हें साल 1981 में सेना की 11 गोरखा राइफल्स में कमीशन दिया गया था। मेजर जनरल के रैंक में चौधरी ने उत्तरी कमान में महत्वपूर्ण बारामुला सेक्टर में एक इन्फैंट्री डिवीजन की कमान संभाली थी। बाद में लेफ्टिनेंट जनरल के रूप में, उन्होंने उत्तर पूर्व में एक कोर की कमान संभाली और सितंबर 2019 से पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ बने और मई 2021 में सेवा से रिटायरमेंट होने तक इस पद पर बने रहे।

# शाहपुर क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस ने किया खुलासा, एक गिरफ्तार

शाहपुर, 28 सितम्बर ( बु. )। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बढ़ रही चोरी की घटनाओं से परेशान पुलिस ने चोरी का खुलासा करने के लिए बनाई गई टीम ने हरसौली चौकी के पास से एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर कस्बा शाहपुर व हरसौली में हुई चोरियों का माल बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गए शातिर चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाने पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान सीओ बुढ़ाना विनय गौत्तम व थाना प्रभारी राधेश्याम यादव ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कस्बे व देहात के गांवों में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करने के लिए बनाई गई टीम ने गतरात्रि चैकिंग के दौरान हरसौली मंदिर के पास से तलाशी के दौरान गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम वकीलु उर्फ सुक्का पुत्र शहिदू निवासी जमाईपुरा मूसा शेरनगर नई मंडी मुजफ्फरनगर बताया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर कस्बे व हरसौली में हुई चोरी का माल लेडीज घड़ी, सैमसंग मोबाइल, पेंडिल पाजेब, दस्तबन्द गुठले, सेम्पिल चुटकी, कड़े, पचांगले, तबीजी, एक लॉकेट, 1 अंगूठी, एक जोड़ी कानों के कुंडल, सात जोड़ी पाजेब सफेद धातु, ओम, कानों के कुंडल, पाजेब 3 जोड़ी, एक अंगूठी पीली धातु, 500 रुपये व दो मोबाइल, एक तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए शातिर चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी राधेश्याम यादव ने यह भी बताया कि शातिर चोर किन लोगों को चोरी का माल बेचता था उसकी भी जांच कराई जा रही है, जो नाम प्रकाश में आएंगे उनके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।



शाहपुर थाने पर चोरी की घटनाओं का खुलासा करते सीओ बुढ़ाना घटनाओं में शामिल गिरफ्तार आरोपी एवं बरामद माल

## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर ( बु. )। शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी कक्षा 8 की छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपित को कोर्ट ने बीस साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपित पर 28 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामले की सुनवाई विशेष पॉक्सो एक्ट कोर्ट में चल रही थी। शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय कक्षा आठ की छात्रा सात मई 2018 को स्कूल जा रही थी। रास्ते में सूरज निवासी फूल वाली गली नंदनगरी थाना ज्योतिनगर दिल्ली ने उसका अपहरण कर लिया था। छात्रा के पिता ने शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। छात्रा ने सूरज पर अपहरण और दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। मामले की सुनवाई विशेष पॉक्सो एक्ट कोर्ट के न्यायाधीश बाबूराम के समक्ष चल रही थी। बुधवार को सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपित सूरज को अपहरण और दुष्कर्म के आरोप में बीस साल की सजा सुनाई है। एडीजीसी दिनेश शर्मा ने बताया कि कोर्ट ने आरोपित पर 28 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

# भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष को दिया बुलेटिन के 3 अक्टूबर के कार्यक्रम का निमन्त्रण

मुजफ्फरनगर, २८ सितम्बर (बु.)। भोपा रोड स्थित वृन्दावन बैंकट में आयोजित मोदी@२०२४ कार्यक्रम के दौरान वहां मुख्य अतिथि के रूप में आए भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल को मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने ३ अक्टूबर को होने जा रहे मुजफ्फरनगर बुलेटिन के रंगीन संस्करण के कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, भाजपा नेता अचिंत मित्तल साथ में मौजूद रहे। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि वे उक्त कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने पूरी जानकारी देते हुए बताया कि मुजफ्फरनगर बुलेटिन अपने समाचार पत्र के ५० वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती मना रहा है, साथ ही साथ अपने ब्लैक एण्ड व्हाइट समाचार पत्र को रंगीन कर रहा है।




भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष को निमंत्रण देते बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ।

# नाहिद हसन का चित्रकूट जेल में स्थानातंरण

## ➲देर रात मुजफ्फरनगर जेल से भेजा गया था ➲विधायक के जेल स्थानांतरण पर समर्थकों में रोष ➲कैराना में तत्कालीन कोतवाल के साथ हुई थी नोक झोंक



कैराना, 28 सितम्बर ( बु. )। लगभग साढ़े सात माह पूर्व जनपद मुजफ्फरनगर जिला कारागार में गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में बंद सपा विधायक चौधरी नाहिद हसन का देर रात शासन के आदेश पर जेल प्रशासन ने चित्रकूट जेल में स्थानान्तरण कर दिया है, जिसके बाद कैराना में उनके समर्थक भारी नाराज नजर आ रहे हैं। दरअसल कैराना के सपा विधायक नाहिद हसन पर कैराना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। इतना ही नहीं उनकी माता पूर्व सांसद तबस्सुम हसन सहित 40 लोगों पर गैंगस्टर एक्ट लगाई थी। गत् 15 जनवरी को पुलिस ने विधायक नाहिद हसन को गिरफ्तार कर लिया था, जहां से उन्हें कोर्ट ने मुजफ्फरनगर जिला कारागार भेज दिया था। उनकी जमानत के लिए उनके अधिवक्ता लगातार न्यायालय में अपील कर जमानत कराने के लिये प्रयास कर रहे हैं, लेकिन साढ़े 7 माह से उनके विरुद्ध चल रहे गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे पर सुनवाई तक नहीं हो सकी, जिसको लेकर वह हाल में भी जेल में बंदी है, लेकिन गत् रात्रि अचानक से शासन के आदेश पर विधायक नाहिद हसन को जिला जेल प्रशासन ने उनको चित्रकूट जेल में स्थानांतरण कर दिया। जैसे ही यह समाचार लोगों को मिला, तो वह देर रात तक पुष्टि करने के लिये एक-दूसरे को फोन से वार्तालाप करने लगे, लेकिन देर रात तक भी कोई किसी प्रकार की पुष्टि नहीं हो सकी थी। बुधवार को जिला जेल प्रशासन ने भी उनके स्थानातंरण करने की पुष्टि कर दी।

## ट्यूशन पढ़ने गए छात्र की साइकिल चोरी

मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर ( बु. )। ट्यूशन पढ़ने गए छात्र की साइकिल अज्ञात बदमाशों ने चोरी कर ली। इस सम्बंध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांधी कॉलोनी निवासी सुमित कुमार पुत्र सतीश वाधवा ने बताया कि उसका पुत्र अंश ट्यूशन पढ़ने के लिए गया था। उसने अपनी साइकिल पचेंडा रोड स्थित बारात घर के सामने खड़ी की थी, जहां से अज्ञात बदमाशों ने उसके पुत्र की साईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# किसान नेता ने बैंक मैनेजर से परेशान होकर आत्मदाह की चेतावनी दी

## ➲भाकियू तोमर के जिला प्रवक्ता ने शाखा प्रबन्धक पर परेशान करने का आरोप लगाया

मीरापुर, 28 सितम्बर ( बु. )। किसान संगठन भाकियू तोमर के जिला प्रवक्ता ने भारतीय स्टेट बैंक की मीरापुर शाखा के मैनेजर पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए 3 अक्टूबर को बैंक में तालाबन्दी कर राजमार्ग जाम कर प्रदर्शन करने की चेतावनी देते हुए कहा अगर सुनवाई नहीं हुई, तो वह आत्मदाह करेगा। बुधवार को भाकियू तोमर के जिला प्रवक्ता गांव भूम्मा निवासी समरसिंह चौधरी ने मीरापुर में प्रेसवार्ता करते हुए स्टेट बैंक की मीरापुर शाखा प्रबंधक प्रिंस पर गंभीर आरोप लगाए। किसान नेता ने आरोप लगाया कि शाखा प्रबंधक पिछले एक माह से कृषि कार्ड बनाने के नाम पर उन्हें चक्कर कटा रहा है। उन्होंने बताया कि उन पर बैंक की कोई धनराशि भी बकाया नहीं है, उसके बावजूद भी शाखा प्रबंधक प्रिंस उच्चाधिकारियों का नाम लेकर उन्हे परेशान कर रहा है। तथा अभद्रता कर रहा है। पीड़ित किसान नेता का आरोप है कि उसने अपने भाई ओमकरण के साथ ज्वांइट कृषि कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया था। उसका भाई कृषि कार्ड नहीं बनने के कारण एक माह से अपनी नौकरी पर भी नहीं जा सका है। समर सिंह चौधरी का आरपी है कि उसने उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत कराया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। किसान नेता समर सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि शाखा प्रबंधक के व्यवहार के चलते उनका संगठन 3 अक्टूबर को बैंक शाखा में तालाबंदी कर राजमार्ग जाम कर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि फिर भी समाधान नहीं हुआ, तो वह बैंक के सामने ही आत्मदाह करेगा, किसान नेता द्वारा आत्मदाह की चेतावनी दिए जाने के बाद बैंक प्रबंधन में अफरा-तफरी मची हुई है। मामले पर शाखा प्रबंधक प्रिंस का कहना है कि किसान ने कृषि कार्ड के लिए आवेदन किया हुआ है। खाता में लेनदेन नही होने के चलते खाता बन्द होने के कारण समस्या आ रही है। खाता चालू होते ही फाइल को उच्च अधिकारियों के यहां भेज दी जाएगी। उच्चाधिकारियों की स्वीकृति मिलने के बाद ही कृषि कार्ड बन पाएगा।



मीरापुर में स्टेट बैंक शाखा प्रबन्धक पर उत्पीड़न का आरोप लगा आत्मदाह की चेतावनी देते भाकियू तोमर के जिला प्रवक्ता

## छात्र को साथी ने किया अंधा

मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर ( बु. )। दो छात्रों के बीच हुई मामूली कहासुनी में दबंग छात्र ने एक छात्र पर प्रकार से प्रहार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल छात्र की एक आंख की रोशनी भी चली गई, उसका दिल्ली के एम्स अस्पताल में उपचार चल रहा है। उधर आरोपी छात्र का पिता पीड़ित पक्ष को धमकी दे रहा है। इस संबंध में मंसूरपुर थाने पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मंसूरपुर थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांव पुरबालियान निवासी बिजेंद्री पत्नी ओमपाल ने बताया कि उसका पुत्र मंसूरपुर स्थित सरशादीलाल इंटर कॉलेज में पढ़ता है। वहीं पढ़ने वाले अभीपुरा निवासी सागर सैनी ने उसके पुत्र पर प्रकार से हमला कर दिया, जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी एक आंख की रोशनी भी चली गई। पीड़िता आरोपी के घर शिकायत लेकर पहुंची तो आरोपी के पिता संजय ने उसके साथ धक्का-मुक्की करते हुए गाली गलौंच की और उसके पुत्र की हत्या कराने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि उसके पुत्र का दिल्ली के एम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़िता का आरोप है, कि उसकी कहीं भी सुनवाई नहीं हुई, जिससे वह इतनी आहत है, कि आत्महत्या भी कर सकती है।

## मैदान सूखा तो युवाओं को दौड़ में आया मजा

मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर ( बु. )। अग्निवीर भर्ती के मद्देनजर बुधवार को बागपत की खेकड़ा तहसील तथा मुरादाबाद के युवाओं ने दौड़ लगाई। दो दिन धूप निकलने के बाद आज भर्ती स्थल पर हालात बेहतर रहे और वहा पानी सुखा दिया गया। 20 सितंबर से नगर के चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में भर्ती प्रक्रिया में सहारनपुर, मेरठ तथा मुरादाबाद मंडल के 13 जिलों के विभिन्न तहसीलों के युवा प्रतिभाग कर रहे हैं। बारिश के चलते दो दिन भर्ती स्थगित रहने के कारण अब 11 और 12 अक्टूबर को भी भर्ती प्रक्रिया चलेगी। बुधवार को बागपत जनपद की खेकड़ा तहसील तथा मुरादाबाद की कांठ, बिलारी और ठाकुरद्वारा तहसीलों के युवाओं ने भर्ती में भाग लिया। देर रात 11 बजे से ही भर्ती स्थल पर युवाओं को प्रवेश दे दिया गया है। जांच के बाद युवाओं को 1600 मीटर दौड़ के लिए चुना गया। मैदान से पानी सुखाने के बाद आज करीब 900 युवाओं ने दौड़ लगाई। गुरुवार को मुरादाबाद तहसील तथा अमरोहा की नौगावां सादात और धनौरा के युवाओं को दम दिखाने का मौका मिलेगा। भर्ती के लिए युवाओं की एंट्री आज रात से प्रारंभ हो गई। बुधवार को शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान युवाओं में उत्साह नजर आया।



## हैंडलूम साड़ियों की प्रदर्शनी में महिलाओं को लुभा रही साडियां

मुजफ्फरनगर, 28 सितम्बर ( बु. )। सर्विसेज क्लब में आस्था ऋतु गर्ग की हैंडलूम साडियों पद्माशाली प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में महिलाएं जुट रही हैं। आज शुरू हुई दो दिन की इस प्रदर्शनी का गुरूवार को अंतिम दिन है। इसमें बनारसी, चंदेरी, कोटा डोरिया, बंधानी, इक्कट, कांजीवरम, सांगनेरी और चिकनकारी की साडियां आने वालों को लुभा रही हैं।

## शेष : मां दुर्गा की चौथी शक्ति

है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अन्धकार ही अन्धकार परिव्याप्त था, तब इन्हीं देवी ने अपने 'ईषत्' हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी।अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा, आदि शक्ति हैं। इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं। इनका निवास सूर्य मण्डल के भीतर के लोक में है। सूर्यलोक में निवास कर सकने की क्षमता और शक्ति केवल इन्हीं में है। इनके शरीर की कान्ति और प्रभा भी सूर्य के समान ही देदीप्यमान और भास्वर है। इनके तेज की तुलना इन्हीं से की जा सकती है। अन्य कोई भी देवी-देवता इनके तेज और प्रभाव की समता नहीं कर सकते। इन्हीं के तेज और प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित हो रही हैं। ब्रह्माण्ड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में अवस्थित तेज इन्हीं की छाया है। इनकी आठ भुजाएं हैं। अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से भी विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डलु, धनुषबाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है। इनका वाहन सिंह है। संस्कृत भाषा में कूष्माण्ड कुम्हड़े को कहते हैं। बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है। इस कारण से भी ये कूष्माण्डा कही जाती हैं। नवरात्र-पूजन के चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की ही उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन 'अनाहत' चक्र में अवस्थित होता है। अतः इस दिन उसे अत्यन्त पवित्र और अचञ्चल मन से कूष्माण्डा देवी के स्वरूप को ध्यान में रखकर पूजा-उपासना के कार्य में लगना चाहिये। मां कूष्माण्डा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक विनष्ट हो जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। मां कूष्माण्डा अत्यल्प सेवा और भक्ति से भी प्रसन्न होने वाली हैं। यदि मनुष्य सच्चे हृदय से इनका शरणागत बन जाये तो फिर उसे अत्यन्त सुगमता से परम पद की प्राप्ति हो सकती है। हमें चाहिये कि हम शास्त्रों-पुराणों में वर्णित विधि-विधान के अनुसार मां दुर्गा की उपासना और भक्ति के मार्ग पर अहर्निश अग्रसर हों। मां के भक्ति-मार्ग पर कुछ ही कदम आगे बढ़ने पर भक्त साधक को उनकी कृपा का सूक्ष्म अनुभव होने लगता है। यह दुःख स्वरूप संसार उसके लिये अत्यन्त सुखद और सुगम बन जाता है। मां की उपासना मनुष्य को सहज भाव से भवसागर से पार उतारने के लिये सर्वाधिक सुगम और श्रेयस्कर मार्ग है। मां कूष्माण्डा की उपासना मनुष्य को आधियों-व्याधियों से सर्वथा विमुक्त करके उसे सुख, समृद्धि और उन्नति की ओर ले जाने वाली है। अतः अपनी लौकिक-पारलौकिक उन्नति चाहने वालों को इनकी उपासना में सदैव तत्पर रहना चाहिये।